Strictly Embargoed till 2130 Hours IST on Thursday 19th April 2018

प्रेस विज्ञप्ति

रेड कारपेट अवार्ड्स नाइट के साथ 13वे मेटा फेस्टिवल का समापन

- **पहली बार सर्वश्रेष्ठ नाटक का मेटा पुरस्कार संयुक्त रूप से – नोना और आईटम को दिया गया, दोनो ने क्रमशः चार और दो पुरस्कार जीते।**
- **जूरी सदस्यों और नाटकप्रेमियों द्वारा नाटकों की विविधता और उत्कृष्टता की सराहना की**
- 13**वे मेटा फेस्टिवल को दिल्ली में दर्शकों का भरपूर प्यार मिला**

नई दिल्ली ,19 अप्रैल 2018 **:** महिंद्रा एक्सिलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स **(**मेटा) फेस्टिवल में **13** वें रेड कार्पेट पुरस्कार समारोह के लिए आज रात राष्ट्रीय राजधानी में रंगमंच बिरादरी एक साथ एकत्रित हुई। महिंद्रा ग्रुप द्वारा प्रायोजित और अग्रणी मनोरंजन कंपनी, टीमवर्क आर्ट्स, द्वारा आयोजित सप्ताह भर चले इस फेस्टिवल का समापन गुरुवार को कमानी ऑडिटोरियम में भारतीय थियेटर की दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

यह वार्षिक पुरस्कार, जो राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है, भारत की आंतरिक विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का महोत्सव है। मेटा भारत का सबसे व्यापक पुरस्कार और थियेटर जगत के लिए एक प्रमुख सम्मान है, जिसके तहत प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड सहित ऑन-स्टेज और ऑफ-स्टेज प्रतिभा की **14** श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

मेटा के **13** वें संस्करण की जूरी में शामिल गणमान्य व्यक्तियों में - प्रसिद्ध थियेटर निदेशक और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व अध्यक्ष अमल अलाना, लोकप्रिय फिल्म और रंगमंच अभिनेता और रंगमंच निर्देशक लिलेट दुबे, पंजाब विश्वविद्यालय में रंगमंच की निदेशक और थियेटर की प्रोफेसर, नीलम मन सिंह चौधरी, फिल्म निर्माता, अभिनेता, रंगमंच निदेशक और लेखक रजत कपूर, रंगमंच, फिल्म और टेलीविजन लेखक-निर्देशक, रणजीत कपूर और भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रशिद्ध संचालक, फोटोग्राफर, लेखक, शास्त्रीय नृत्यांगना और श्रीराम भारतीय कला केंद्र, की निदेशक शोभा दीपक सिंह शामिल थी।

मेटा फेस्टिवल के इतिहास में पहली बार, दो नाटकों - नोना और आईटम ने अपने विशिष्ट आकर्षक प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्ले का पुरस्कार साझा किया। पुरस्कारों की श्रृंखला में, नोना ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (जिनो जोसेफ), बेस्ट स्टेज डिजाइन (जिनो जोसेफ) और बेस्ट लाइट डिजाइन (साजस रहमान एंड एबिड पीटी) सहित कुल चार पुरस्कार जीते। **2015** के मेटा में 'मट्टी' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ रचना और सर्वश्रेष्ठ मूल स्क्रिप्ट के पुरस्कार जीतने के बाद यह जिनो जोसेफ के लिए मेटा में दूसरी बड़ी जीत है।

मेटा में पहली बार प्रवेश करने वाले क्षितिश दाते (नाटक कंपनी) ने आईटम के लिए सर्वश्रेष्ठ नाटक का पुरस्कार जीता, सह-कलाकार साईंनाथ गणुवाद के साथ जिन्होंने अपने शानदार मनोरंजक चित्रण एल राकेश लीड रोल (पुरुष) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का मेटा पुरस्कार जीता। मेटा में पहली बार प्रवेश करने वाले अंबिलिकल थिएटर (होजांग टैरेट) ने तीन पुरस्कार जीते - सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन (एच. अनिलकुमार), प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) खो. सानातोंबी **(Kh. Sanatombi)** और एक सहायक भूमिका (महिला) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता खो. गंथोइलेइमा **(Kh. Nganthoileima)** जिसे शिखंडी - द स्टोरी ऑफ द इन-बिटविन्स के लिए संयुक्त रूप से श्रृष्टी श्रीवास्तव के साथ जीता गया।

मूक रचना के लिए, 'करूप्पू' को दो पुरस्कार प्राप्त हुए - मनी भारती को सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए और रुची रवीन्द्रन को सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम के लिए, जिन्हें सहायक भूमिका (महिला) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए विशेष उल्लेख भी प्राप्त हुआ। 'मुक्तिधाम' ने भी सहायक भूमिका (पुरुष) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए कुमूद मिश्रा को और सर्वश्रेष्ठ मूल स्क्रिप्ट के लिए अभिषेक मजूमदार सहित दो पुरस्कार जीते, इसी तरह 'शिखंडी- द स्टोरी ऑफ़ इन बिटविन्स' ने सर्वश्रेष्ठ समूह के लिए मेटा अवार्ड जीता।

प्रख्यात थियेटर अनुभवी विजया मेहता को भारतीय थिएटर में उनके योगदान के लिए मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। मेटा और थिएटर कलाकारों के साथ-साथ दर्शकों को दिए गए एक संदेश में, उन्होंने कहा," ने कहा, "मैं बहुत खुश हूँ, कि आज की पीढ़ी अपने आप कला और थिएटर की दुनिया में अपने आप को ढाल रही है, स्वंत्रता से पहले और बाद के समय की हमारी पीढ़ी से आजकल की पीढ़ी बहुत ही बुद्धिमान और जागरूक है और यह जानकार खुश हूँ की आज के युवा वर्ग ने मेरे काम को सामान दिया।"

विजया मेहता एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म और थिएटर निर्देशक और अभिनेता हैं जिन्हें समांतर सिनेमा के साथ उनके सहयोग के लिए जाना जाता है। वह मुंबई स्थित थिएटर समूह रंगायन के साथ के संस्थापक सदस्यों, नाटककार विजय तेंदुलकर अभिनेता अरविंद देशपांडे और श्रीराम लागू में से एक हैं। उन्होंने दिल्ली में आदी मर्ज़बान और इब्राहिम अल्काज़ी के साथ थिएटर का अध्ययन किया। उन्हें निर्देशन में उत्कृष्टता के लिए 1975 संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 1986 में उन्होंने राव साहब (1986) में उनकी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।

इस वर्ष मेटा में **330** से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिसे प्रसिद्ध थिएटर विशेषज्ञों वाली एक प्रतिष्ठित चयन समिति द्वारा देखा गया। हर साल की तरह, मेटा की इस साल की चयन सूची भी विविधता से भरी थी जिसमें भारतीय थिएटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। सप्ताह भर चले मेटा फेस्टिवल में असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और मणिपुरी के साथ-साथ मूक नाट्य रचनाओं के साथ **10** नामांकित नाटों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें से कई के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

मेटा फेस्टिवल में पहली बार खाली समय के दौरान मास्टर क्लासेस की एक श्रृंखला भी आयोजित की गई। मास्टर क्लास, ड्रामा स्कूल मुंबई (डीएसएम) के साथ साझेदारी में संचालित की गई जिसमें मेटा के नामित स्टालवार्ट्स ने थियेटर के प्रशिक्षुओं, कलाकारों और उत्साही लोगों के साथ वार्ता की। यह कार्यशालाएं भारतीय थियेटर के प्रचार-प्रसार और इस कला को समर्पित थिएटर के कलाकारों के एक समुदाय के निर्माण के प्रति किए जा रहे मेटा के प्रयासों का ही एक रूप है जिसका उद्देश्य थिएटर को जन-जन तक पहुँचाना और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए आवश्यक कौशल और तकनीकों की समझ विकसित करना भी है।

अपने सांस्कृतिक आउटरीच के भाग स्वरूप महिंद्रा समूह द्वारा प्रचारित और टीमवर्क आर्ट्स -एक अग्रणी मनोरंजन कंपनी, द्वारा संचालित, मेटा पुरस्कार सर्वोत्तम प्रस्तुतियों और प्रदर्शनों को, उनके निर्माताओं और व्यवस्थापकों के साथ, पुरस्कृत करता है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी रंगमंच उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करने और जागरूकता बढ़ाने के साथ भारत में उत्कृष्ट थिएटर की समझ भी विकसित करना है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के सांस्कृतिक आउटरीच के प्रमुख जय शाह ने कहा," *"13* वां मेटा फेस्टिवल बड़े आनंद और प्रशंसा के साथ समाप्त हुआ। पूरे भारत के *10* सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों ने देश की राजधानी में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की। लर्निंग @ मेटा की शुरुआत के साथ, हमने न केवल स्वदेशी थियेटर उद्योग को प्रोत्साहित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए, बल्कि भारत में उत्कृष्ट थिएटर की सराहना के अपने लक्ष्य को अतिरिक्त मजबूती प्रदान की है। हमारे पास पुरस्कार विजेताओं का एक विविध समूह था लेकिन अंत में, प्रत्येक मेटा प्रतिभागी विजेता रहा है। भारतीय थिएटर में उत्कृष्टता को परिभाषित करने वाले प्लेटफार्म को स्थापित करने अपनी सफलता के लिए महिंद्रा समूह भी एक विजेता का भाव महसूस करता है। यह हम सभी के लिए एक नई सुबह है. "

टीमवर्क आर्ट्स एंड फेस्टिवल प्रोड्यूसर के, **एमडी**, **संजय के**. **रॉय ने कहा**, "मेटा की यात्रा हम सभी के लिए सबसे कलात्मक रूप से फलदायी और आत्म-संतोषजनक रही है। मेटा 2018 पूरे देश से बेहतरीन थिएटर सामने लाया है। यह नई आवाजों और भाषाओं और बोलियों में नए काम के लिए एक प्राथमिक मंच है। यह देखना वास्तव में उत्साहजनक है कि भारत की समृद्ध थियेटर परंपराएं जीवित और जीवंत हैं। "

विनय पाठक की रोचक मेजबानी के साथ, रंगारंग   अवार्ड नाइट में रजत कपूर, सुषमा सेठ, निसार एलाना, लिलेट दुबे समेत कई हस्तियां उपस्थित थीं। तनुश्री शंकर के डांस ट्रूप द्वारा द लिरिक एन्सेबल दिल्ली (एलईडी), और दारैन शाहिदी के दस्तंगोई के प्रदर्शन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

नमिता गोखले, सतीश गुप्ता और पापा सीजे जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्व सहित लिटरेचर, कॉमेडी और विजुअल आर्ट जैसे कई प्रासंगिक रचनात्मक क्षेत्रों के दिग्गजों ने उत्साही विजेताओं को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए।

MAHINDRA EXCELLENCE IN THEATRE AWARDS

इस साल **13** वें मेटा फेस्टिवल में दर्शकों का दिल जीतने वाले और कार्यक्रम की रोचकता बढ़ाने वाले विजेताओं की पूरी सूची नीचे गई है:

श्रेणी	**विजेता**	**प्रोडक्सन**
लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड	विजया मेहता	-
मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष)	साईंनाथ गणुवाड़	आईटम
मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री विशेष उल्लेख	खो. सानातोंबी रुचि रवींद्रन	होजांग टैरेट करूप्पू
सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता	कुमुद मिश्रा	मुक्तिधाम
सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (संयुक्त विजेता)	श्रृष्टी श्रीवास्तव खो. गानथोइलेइमा	शिखंडी: द स्टोरी ऑफ द इन-बिटविन्स होजांग टैरेट
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	जिनो जोसेफ	नोना
सर्वश्रेष्ठ मूल स्क्रिप्ट	अभिषेक मजूमदार	मुक्तिधाम
सर्वश्रेष्ठ नाटक (संयुक्त विजेता)	क्षितिश दाते जिनो जोसेफ	आईटम नोना
सर्वश्रेष्ठ समूह (एन्सेम्बल)	-	शिखंडी: द स्टोरी ऑफ द इन-बिटविन्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनव साउंड डिजाइन	एच. अनिल कुमार	होजांग टैरेट
सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिज़ाइन	रूची रविन्द्रन	करूप्पू
सर्वश्रेष्ठ स्टेज डिजाइन	जिनो जोसेफ	नोना
सर्वश्रेष्ठ लाइट डिजाइन	साजस रहमान और एबिड पी. टी.	नोना
सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी	मनी भारती	करूप्पू

PRODUCED BY
TEAMWORK
CELEBRATING THE ARTS

मीडिया के प्रश्नों के लिए कृपया संपर्क करें :

संतोष कुमार	santosh@zimisha.com	+919990937676
इम्तियाज़ आलम	imtiaz@zimisha.com	+919810227818

संपादकों के लिए नोट्स

महिंद्रा के बारे में

महिंद्रा समूह 19 अरब डॉलर का कारोबार करने वाली कंपनियों का परिसंघ है। महिंद्रा समूह का लक्ष्य लोगों को सक्षम बनाने पर केन्द्रित है। इसके लिये वह वैसे समाधान पेश करता है जो पावर मोबिलिटी, ग्रामीण समृद्धि, शहरी जीवन शैली तथा व्यवसाय दक्षता के स्तर को बढ़ाते हैं। यह उपयोगी वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और अवकाश स्वामित्व के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है और मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है। इसके अलावा इसने कृषि व्यवसाय, घटकों, वाणिज्यिक वाहनों, परामर्श सेवाओं, ऊर्जा, औद्योगिक उपकरण, रसद, अचल संपत्ति, इस्पात, एयरो स्पेस, रक्षा, और दोपहिया उद्योगों में भी मजबूत स्थिति बना ली है। भारत में मुख्यालय वाला महिंद्रा 100 देशों में 200,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

महिंदा ग्रुप के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.mahindra.com / Twitter and Facebook: @MahindraRise जा सकते हैं

टीमवर्क आर्ट्स के बारे में:

25 से अधिक वर्षों से टीमवर्क आर्ट्स ने भारत को पूरी दुनिया तक पहुंचाया है और पूरी दुनिया को भारत के पास लाया है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, इटली, इजरायल, कोरिया, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों में, टीमवर्क आर्टस ने 40 से अधिक शहरों में 25 से अधिक अत्यधिक प्रशंसित प्रदर्शन कृतियों तथा दृश्य कृतियों को सृजित किया है तथा साहित्यिक उत्सवों का आयोजन किया है। टीमवर्क ने दुनिया के सबसे बड़े मुक्त साहित्यिक समारोहों में से एक समारोह वार्षिक जी जयपुर साहित्य महोत्सव, नई दिल्ली में इशारा अंतर्राष्ट्रीय कठपुतली महोत्सव और महिंद्रा एक्सेलेंस इन थियेटर अवार्ड्स (एमईटीए) एंड फेस्टिवल, दक्षिण अफ्रीका में इंटरनेशनल फेस्टिवेल्स शेयर्ड हिस्ट्री,अमरीका में आई आन इंडिया, हांगकांग में इंडिया बाई द बे और आस्ट्रेलिया में कंफ्लुएंस - फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया, ब्रिटेन में इंडिया@70 2017: ईयर ऑफ़ कल्चर और अनेक अन्य फेस्टिवल का आयोजन देश विदेश में करते हैं ।

www.teamworkarts.com

PRODUCED BY

TEAMWORK

CELEBRATING THE ARTS